भीलनी के भगवान

भीलनी के भगवान,
हे भीलनी के भगवान,
आओ आजाओ राम,
बिन दर्शन व्याकुल प्राण,
आओ आजाओ राम.......

मीठे मीठे बेर खिलाऊँ,
प्रीत भारी एक टेर सुनाऊँ,
अब रख लो अपनी शान,
आओ आजाओ राम.....

युग युग में अवतार लिए हैं,
हमको क्या क्या वचन दिए हैं,
हे युग युग की पहचान,
आओ आजाओ राम......

चरण कृपा से अहिल्या तारी,
तारी गणिका नीच एक नारी,
मैं पतित धरूँ क्या ध्यान,
आओ आजाओ राम.....

स्वर : अनूप जलोटा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27307/title/bhilni-ke-bhagwan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |